राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना

आवश्यक सूचना

"संविदा के आधार पर आयुष चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं ए0एन0एम0 के लिए पूर्व विज्ञापित चयन सूचना पी0आर0संख्या–6896 (नि.नि.)–2013–14 दिनांक 22.09.2013 एवं शुद्धि पत्र पी0आर0संख्या–7607 (नि.नि.)–2013–14 के आवेदक कृपया ध्यान दें।"

राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा उपरोक्त विज्ञापन के अनुरूप तीनों पदों के अभ्यर्थियों से Online आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थें एवं उन्हें Reg No. दिया गया था। शपथ पत्र, बैंक ड्रॉफ्ट आदि Online/Offline दोनों पद्वति से मांगे गये थे।

पुनः दिनांक 23.01.2014 को पी0आर0संख्या–13082 (नि.नि.)–2013–14 के द्वारा सूचना प्रकाशित कराकर दावा/आपत्ति मांगी गई थी। दोनों बार याचित सूचनाओं में Online के साथ साथ Offline कागजात प्राप्ति की बाध्यता रखी गई थी। Online/Offline सूचनाओं का समन्वय कर शुद्ध सूची बनाने में अनेक प्रकार की कठिनाईयाँ उत्पन्न होने पर परीक्षा आयोजन पर विचार किया गया। परन्तु परीक्षा संचालन पर्षद द्वारा शुद्ध–शुद्ध सूची की मांग के साथ परीक्षा आयोजन हेतु लंबी परीक्षा अवधि की मांग की गई, जो कार्यक्रम के हित के प्रतिकूल प्रतीत हुआ। सम्यक विचारोपरान्त पूर्व निर्णय अनुरूप शैक्षणिक योग्यता के आधार पर चयन प्रक्रिया का अंतिम रूप दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

उपरोक्त निर्णय के कार्यान्वियन हेतु यह आवश्यक हो गया है कि जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में ऑनलाईन आवेदन पत्र समर्पित किया है तथा जिन्हें Online Reg.No.आवंटित है उन सभी अभ्यर्थियों से सभी प्रकार की वांछित सूचनाएँ समेकित रूप से Online समर्पित करायी जाय। आवेदन की इस प्रक्रिया को पूर्णतः निजी बनाने/सुरक्षित रखने हेतु सभी अभ्यर्थियों को Reg.No.तथा Password को अभ्यर्थी के मोबाईल तथा ईमेल ID पर SMS एवं Mail द्वारा DATATEC के माध्यम से सूचना निम्नवत् भेजी जा रही है:–"Log in with your Ayush Reg.No.-HR/SHSB/2013/AE8EA3 & Password-123aef at www.statehealthsocietybihar.org or http://shsbihar.in & update data till 5.00 pm of 06th June 2014." यदि Data समर्पित/अद्यतन करने में अभ्यर्थी को किसी तरह की कठिनाई उत्पन्न हो तो ईमेल ID:- support@shsbihar.in पर ईमेल भेज सकते हैं।

दिनांक 27.05.2014 के 12.30 बजे अपराह्न तक अभ्यर्थियों द्वारा अद्यतन/समर्पित किये गये आवेदनों की संख्या के विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ कि अभी भी अधिकांशतः अभ्यर्थियों द्वारा अपने आवेदन को समर्पित/अद्यतन नहीं किया गया है। अभ्यर्थियों के पक्ष को ध्यान में रखते हुये आवेदन करने की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 06.06.2014 किया जाता है। अतः अभ्यर्थी दिनांक 06.06.2014 के संध्या 5.00 बजे तक कृपया www.statehealthsocietybihar.org के लिंक "Re-registration for Ayush Doctor/ Pharmasist/ANM" or http://shsbihar.in को Click करके अपना Reg.No. तथा भेजे गये Password का उपयोग कर Login करेगें तथा वांछित सूचनाएँ Online Update करेगें जिसे अंतिम माना जायेगा एवं इसके उपरांत पुनः कोई अवसर नहीं दिया जायेगा।

27/05/14

नोटः—1. अभ्यर्थियों द्वारा ईमेल ID support@shsbihar.in पर भेजे गये शिकायतों का DATATEC द्वारा लगातार निष्पादन किया गया साथ ही राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार कार्यालय द्वारा भी विभिन्न शिकायतों का यथासंभव निराकरण का प्रयास किया गया, बावजूद इसके सभी अभ्यर्थियों द्वारा आवेदन समर्पित नहीं किया गया।

2. दिनांक 27.05.2014 के 12.30 बजे अपराह्न तक आयुष चिकित्सकों में 70.38%, फार्मासिस्ट में 62.33% तथा ए0एन0एम0 में 45.31% अभ्यर्थियों द्वारा आवेदनों को Update किया जा सका है।

शेष अभ्यर्थियों को इस विज्ञापन के माध्यम से सूचना दी जा रही है कि यदि वे आवंटित पदों के लिए अहर्त्ता रखते हो तो दिनांक 06.06.2014 के 5.00 pm तक अपना Data उपरोक्त अनुसार अद्यतन कर ले अन्यथा यह समझा जायेगा कि उन्हें वांछित अहर्त्ता नहीं है अथवा इस नियोजन में कोई रूचि नहीं है। भविष्य में उनके किसी प्रकार के दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

3. पूर्व विज्ञापन के क्रम में यह स्पष्ट किया जाता है कि दिनांक 06.06.2014 के बाद अभ्यर्थियों से पूर्व में प्राप्त अभिप्रमाणित कागजात/शपथ पत्र विनष्ट कर दिये जायेगें।

कार्यपालक निदेशक
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार